	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साअधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	कार्तिक 17, शुक्रवार, *शाके* 1941–नवम्बर 8, 2019 *Kartika 17 Friday, Saka 1941–November 8, 2019*	

भाग-6(क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत्त शासन विभाग

आदेश

जयपुर, नवम्बर 7, 2019

संख्या प.2/अ.सं. 303/19/पु.के./एसीबी/डीएलबी/19/2988:– भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर द्वारा श्रीमती सुमन लता गुर्जर पार्षद वार्ड नं0 39 नगर निगम जयपुर को परिवादी श्री विवेक चौधरी निवासी 9/195 कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर से 50,000/– रुपये बतौर रिश्वत राशि प्राप्त करने पर दिनांक 11.10.2019 को गिरफ्तार किया गया। श्रीमती सुमन लता गुर्जर न्यायिक अभिरक्षा में है। इनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 303/2019 पंजीबद्ध की गई है। श्रीमती सुमन लता गुर्जर के पद पर बने रहने से अनुसंधान और गवाहों पर प्रभाव डालने की सम्भावना है।

अतः राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (6) के प्रावधान के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार श्रीमती सुमन लता गुर्जर पार्षद वार्ड नं0 39 नगर निगम जयपुर को पार्षद/सदस्य पद से तुरन्त प्रभाव से निलम्बित करती है। यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

राज्यपाल की आज्ञा से,
उज्ज्वल राठौड़,
निदेशक एवं संयुक्त सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।